आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र किए वितरित, कहा– भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विकास परियोजनाओं में तेज़ी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- बर्फबारी व वर्षा से समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में– हिमपात से 2 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 30 सड़कें बंद।
- शिमला के चमियाणा अटल सुपर स्पेशिलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान में 6 विभागों की ओपीडी आज से शुरू।

रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह रोजगार पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराये जा रहे हैं और नवनियुक्तकर्मी समर्पण और सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष से देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि देश की नीतियां और निर्णय अपने प्रतिभावान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। रोजगार मेला देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही विकास परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को इनका लाभ मिल सके। शिमला में आज केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रदेश के हितों को ध्यान में रखते हुए नई परियोजनाएं बनाने और इन्हें प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने समाज कल्याण, अन्य पिछड़ा वर्ग, जनजातीय व महिला कल्याण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और कृषि संबंधी केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने लोगों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए इन्हें समयबद्ध पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान प्रदेश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और राज्य के लोगों के कल्याण के लिए अनेक अभिनव योजनाएं शुरू की गई हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ने शिमला में वन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में 2 हज़ार 61 वन मित्रों की भर्ती प्रक्रिया मैरिट के आधार पर पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि इन वन मित्रों की नियुक्ति से विभाग की कार्यकुशलता सुदृढ़ होगी और वन क्षेत्रों में पेड़ों के अवैध कटान पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने वन क्षेत्रों में 60 प्रतिशत फलदार और औषधीय पौधे लगाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## आमंत्रण

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस महाकुंभ का न्यौता देश के सभी राज्यों को दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विकास मंत्री धर्मपाल सिंह और खेल व युवा मामले राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित प्रदेश की जनता को महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया। धर्मपाल सिंह ने बताया कि इस बार डिजिटल महाकुंभ की भी व्यवस्था की गई है और दुनिया के किसी भी कोने से लोग महाकुंभ देख पाएंगे।

## प्रतिनिधिमंडल

राज्य के औद्योगिक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर उन्हें अपनी विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों को सुविधाएं प्रदान कर रही है और उद्योग हितैषी वातावरण स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को दी जाने वाली किसी भी प्रकार की धमकी या उत्पीड़न से सख्ती से निपटा जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से प्रदेश में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन और जल विद्युत जैसे हरित ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सोलन ज़िले के नालागढ़ में एक मैगावॉट का ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट भी स्थापित कर रही है। इस दौरान उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी मौजूद रहे।

## मौसम

प्रदेश में मौसम ने आज करवट बदली है। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले कुछ स्थानों पर वर्षा से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे पूरा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार ताज़ा बर्फबारी से 2 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 30 सड़कें बंद हैं। हिमपात के चलते हिमाचल पथ परिवहन निगम ने ऊपरी शिमला के लिए फिलहाल बस सेवा बंद कर दी है। प्रशासन द्वारा बर्फ हटाने के लिए मशीनें तैनात कर दी गई हैं और लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..........

*डिस्पैच– राजधानी शिमला सहित लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कुल्लू, मंडी और चंबा ज़िले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रूक–रूक कर बर्फबारी हो रही है, जबकि निचले मैदानी इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा हो रही है। हिमपात व वर्षा के कारण समूचा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। ये वर्षा व बर्फबारी फसलों के लिए संजीवनी साबित होगी और इससे किसानों व बागवानों ने राहत की सांस ली है। शिमला ज़िले के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कुफरी, नारकंडा और चांशल में ताज़ा बर्फबारी के चलते सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ है। शिमला सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर घूमने आए पर्यटक बर्फबारी का खूब आनंद ले रहे हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात, जबकि निचले इलाकों में वर्षा की संभावना जताई है।*

*रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।*

## चमियाणा अस्पताल

शिमला के चमियाणा स्थित अटल सुपर स्पेशिलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान में आज से ओपीडी सुविधा शुरू हो गई है। चिकित्सा अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि अस्पताल में अब न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी, यूरोलॉजी और नैफ्रोलॉजी सहित कुल 6 विभागों की ओपीडी लगेगी। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी कर दिए गए है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं फिलहाल आई.जी.एम.सी. शिमला में ही चल रही हैं।

## शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए व्यापक सुधार किए जा रहे हैं। ये बात आज उन्होंने कांगड़ा ज़िले के इंदौरा में सिविल अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद कही। शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ–साथ डॉक्टरों, नर्सों और पैरा–मैडिकल स्टाफ की नियुक्तियां कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ भी किया और निक्षय वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश में संगठन की प्राथमिक सदस्यता 16 लाख 91 हज़ार एक सौ 18 और सक्रिय सदस्यता 26 हज़ार 3 सौ 82 हो गई है। चंडीगढ़ में आज संगठन पर्व के तहत प्रदेश स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में एक सौ 71 मंडलों में से एक सौ 13 का गठन हो गया है और जल्द ही शेष मंडलों का गठन भी कर दिया जाएगा।